समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की रोमांटिक केमिस्ट्री ने जीता दिल, 'आंखों की गुस्ताखियां' का पहला पोस्टर हुआ रिलीज़।


Publisher

Published on 04 Jun 2025





## शनाया कपूर करेगी बॉलीवुड मे डेब्यू, विक्रांत मैसी संग म्यूजिकल लव स्टोरी मे दिखेगी नई रोमांटिक जोड़ी।

**मुंबई, 4 जून 2025: विक्रांत मैसी** और **शनाया कपूर** स्टारर म्यूजिकल लव स्टोरी '**आंखों की गुस्ताखियां**' का पहला पोस्टर रिलीज़ कर दिया गया है। इस पोस्टर में दोनों कलाकार मेले के रंगीन माहौल में एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं, जो दर्शकों को फिल्म के रोमांटिक और इमोशनल सफर की एक झलक दे रहा है।

**शनाया कपूर का डेब्यू**

यह फिल्म खास इसलिए भी है क्योंकि इससे **शनाया कपूर** बॉलीवुड में अपना **डेब्यू** करने जा रही हैं। वहीं **विक्रांत मैसी,** जिनकी सादगी और दमदार अभिनय पहले से ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय है, इस बार एक रोमांटिक किरदार में दिखाई देंगे। दोनों की जोड़ी पोस्टर में बेहद फ्रेश और आकर्षक नजर आ रही है।

**म्यूजिक लव स्टोरी मे होंगा एहसासों का जादू**

फिल्म को **विशाल मिश्रा** के संगीत ने खास बना दिया है। रोमांटिक गानों से भरपूर यह **म्यूजिकल लव स्टोरी** दर्शकों के दिल को छू जाएगी। विशाल मिश्रा के कंपोज किए गाने प्यार में डूबे लोगों को यकीनन लंबे वक्त तक याद रहेंगे।

**फिल्म निर्माण टीम**

**निर्देशक : संतोष सिंह**

**कहानी : मानसी बागला**
**प्रस्तुति : ज़ी स्टूडियोज और मिनी फिल्म्स**
**निर्माता : मानसी बागला और वरुण बागला**

रिलीज़ डेट

'**आंखों की गुस्ताखियां**' **11 जुलाई 2025** को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.